प्रेषक,

जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

सेवा में,

सचिव,
आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग,
उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

संख्याः–2721/तेरह–आ0प्र0प्राधि0/2020–21 दिनांक 28 अक्टूबर, 2021

**विषयः– गौमुख क्षेत्र का सर्वेक्षण किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विगत वर्ष भागीरथी नदी घाटी में स्थित गंगोत्री हिमनद (Gangotri Glacier) के सम्भरण क्षेत्र में भूस्खलन के कारण झील बनने की सूचना पर पर मा0 उच्च न्यायालय एवं शासन द्वारा उक्त क्षेत्र में सम्भावित जोखिम की सर्तकता के दृष्टिगत निगरानी हेतु दिये गये निर्देशानुसार जनपद स्तर से उक्त क्षेत्र का समय–समय पर सर्वेक्षण करवाया जाता है। इसी क्रम में वन विभाग के दल से दिनांक 02.10.2021 एवं दिनांक 03.10.2021 को उक्त भोजवासा/गोमुख क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करवाया गया है।

उक्त निरीक्षण दल/क्षेत्रीय वनाधिकारी, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी की संलग्न दिनांक 05.10.2021 की स्थलीय निरीक्षण आख्या के द्वारा अवगत कराया गया है कि भागीरथी नदी घाटी में स्थित गंगोत्री हिमनद (Gangotri Glacier) क्षेत्र में वर्तमान में किसी प्रकार की झील नहीं बनी है तथा नदी अपने पुराने वहान/पुराने बहाव क्षेत्र में ही बह रही है और न किसी प्रकार की अन्य नई गतिविधि क्षेत्र में पाई गयी है। उक्त क्षेत्र में किसी भी प्रकार के जोखिम की सम्भावना नहीं है।

अतः उक्त निरीक्षण की आख्या संलग्न कर सादर सेवा में प्रेषित है।

<u>संलग्न–यथोपरि</u>

भवदीय,

अपर जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

<u>प्रतिलिपिः–</u> अधिशासी निदेशक, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, परिसर उत्तराखण्ड शासन देहरादून की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।

अपर जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

CamScanner

सेवा में,

जिलाधिकारी
उत्तरकाशी

विषय - गोमुख भ्रमण

महोदय,

निवेदन करना है कि गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क के अन्तर्गत मेरे नेतृत्व में 2/10/201 को एक टीम क्षेत्र भ्रमण पर दि० 2/10/2021 एवं 3/10/2021 को भोजवासा – गोमुख भ्रमण पर गई थी। भ्रमण के दौरान देखने में आया कि गोमुख में नदी का प्रवाह अपने पुराने बहाव में बह रहा है। नदी के बहाव में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं है, न ही किसी प्रकार की कोई भी अन्य नई गतिविधियाँ क्षेत्र में नहीं पाई गई है।

अतः महोदय की सेवा में रिपोर्ट प्रेषित।

दि० 5/10/2021

भवदीय

5/10/2021

वन क्षेत्राधिकारी
गंगोत्री रेंज
गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क
उत्तरकाशी

DDMO